(c) by when the statues are likely to be installed?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH): (a) to (c) The work of bronze casting of the statue of Mahatma Gandhi, which is proposed to be installed at India Gate by the end of the year, has been awarded. The formalities in regard to the installation of the statues of Shri Jawahar Lal Nehru and Smt. Indira Gandhi in New Delhi have not yet been completed, nor has a decision been taken about the sites where the statues are to be installed. It is not possible to indicate at this stage, when these statues will be installed.

**Food Processing Industries in Uttar Pradesh**

534. SHRI ANAND PRAKASH GAUTAM: Will the Minister of FOOD PROCESSING INDUSTRIES be pleased to state:

(a) the details of the Food Processing Industries set up in Uttar Pradesh in 1988; and

(b) the details of the food processing industries proposed to be set up in Uttar Pradesh in 1989?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) and (b) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

**सहकारी क्षेत्र में चीनी-मिलों का स्थापित किया जाना**

535. श्री अवधेश सोनी : क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सहकारी क्षेत्र में चीनी की कुल नई मिलों को, हाल में, अनुज्ञापन (लाइसेंस) प्रदान किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या मध्य प्रदेश के लिए भी कोई अनुज्ञापन प्रदान किया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) मध्य प्रदेश के कितने प्रस्ताव विचाराधीन हैं ?

**खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डी० एल० बैठा)** : (क) और (ख) 7वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए लाइसेंसिंग नीति संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांतों की दिनांक 2-1-1987 के प्रेस नोट द्वारा घोषणा करने के बाद, भारत सरकार ने सहकारी क्षेत्र में प्रत्येक 2500 टी० सी० डी० क्षमता की नई चीनी मिलें स्थापित करने के लिए 34 आशय पत्र मंजूर किए हैं । इन मामलों का ब्यौरा अनुपत्र में दिया गया है। [देखिए परिशिष्ट 150, अनुपत्र सं० 22]

(ग) जी, नहीं ।

(घ) दो ।

**देश में "इलाइट आर्चर्ड"**

536. **श्रीमती रत्न कुमारी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इलाइट आर्चर्डों की संख्या कितनी है तथा यह कहां-कहां स्थित हैं;

(ख) क्या मध्य प्रदेश में एक इलाइट आर्चर्ड खोले जाने का मध्य प्रदेश सरकार का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और

(घ) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव)** : (क) भारत सरकार ने भारतीय राज्य फार्म निगम के असम में कोकिलाबाड़ी,

हरियाणा में हिसार, कर्नाटक में रायचूर, केरल में कायलस, पंजाब में लाढोवाल, राजस्थान में सूरतगढ़ और जैटसर, तमिलनाडु में वेगंल, उत्तर प्रदेश में बहराईच एवं बरेली सहित स्थानों पर स्थित फार्मों पर केन्द्र संपोषित दस फलोद्यानों की स्थापना की है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) और (घ) प्रश्न ही नहीं उठते।

**राज्यों में उद्यान बोर्डों (हॉर्टीकल्चर बोर्ड) की स्थापना**

537. **श्रीमती रत्न कुमारी :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार सभी राज्यों में उद्यान बोर्डों की स्थापना करने का विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव)** : (क) जी, नहीं।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता।

**विकलांग व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक प्रौद्योगिकी मिशन की स्थापना किया जाना**

538. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने विकलांगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने एवं उनकी सहायता करने के लिए एक प्रौद्योगिकी मिशन की स्थापना करने का निर्णय किया है;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और प्रौद्योगिकी मिशन कब तक स्थापित कर दिया जाएगा; और

(ग) उक्त मिशन से विकलांग व्यक्ति किस प्रकार लाभान्वित होंगे ?

**कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्रीमती सुमति उरांव)** : (क) से (ग) सरकार ने विकलांगों के पुनर्वास तथा पुनर्वास के लिए प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग परिप्रेक्ष्य मोड में एक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परियोजना की पहले ही स्थापना की है जिसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं :

उपयुक्त तथा लागत प्रभावी सहायक यंत्रों एवं उपकरणों का विकास और उपयोगिता में प्रौद्योगिकी का समन्वय, वित्त पोषण तथा सीधा अनुप्रयोग करना :

(क) रोजगार
(ख) सरल जीवन तथा सचलता
(ग) संचार
(घ) मनोरंजन तथा
(ङ) समाज में एकीकरण

के लिए अवसरों में संवृद्धि करने हेतु कौशल विकास और शिक्षा पद्धति। इस परियोजना के अन्तर्गत उचित अनुसंधान प्रस्तावों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी और विकलांगों को प्रयोगशाला से प्रौद्योगिकी का लाभ देने के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस परियोजना से विभिन्न सहायक यंत्रों एवं उपकरणों हार्ड वेयर एवं सॉफ्ट वेयर का विकास होगा जिससे विकलांग व्यक्तियों को पुनर्वास प्रक्रिया में सुविधा मिलेगी।

**Allotment of land to NRI for launching Newspaper in Chandigarh**

539. SHRI CHITTA BASU: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether the Punjab Government had decided to allot land to NRI for launching a newspaper in English and Punjabi in Chandigarh; and

(b) if so, the conditions attached?

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH):** (a)